**अजय कुमार मंडल**
**संसद सदस्य**
**भागलपुर (बिहार)**
**AJAY KUMAR MANDAL**
**Member of Parliament**
**Bhagalpur (Lok Sabha)**

सत्यमेव जयते

**Member:**
- Standing Committee on Transport, Tourism & Culture
- Consultative Committee - Ministry of Road Transport and Highways

पत्रांक X...X...X

दिनांक 14-10-2025

**सेवा में,**

**श्री नीतीश कुमार जी,**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष, जनता दल (यू0)**

**सह – माननीय मुख्यमंत्री,**

**बिहार, पटना।**

**विषय :– सांसद पद से त्यागपत्र देने की अनुमति हेतु।**

**महोदय,**

**सादर प्रणाम,**

आपके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से मैं विगत लगभग 20–25 वर्षों से भागलपुर क्षेत्र में विधायक एवं सांसद के रूप में जनता की सेवा करता आ रहा हूँ। इस लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने जनता दल (यू0) को अपने परिवार की तरह समझते हुए इसके संगठन, कार्यकर्ताओं और जनसंपर्क को सुदृढ़ करने का काम किया है। भागलपुर एवं नवगछिया जिले में जिला अध्यक्ष, प्रभारी और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता रहा हूँ।

परंतु विगत कुछ माह से संगठन में ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं जो पार्टी और उसके भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण की प्रक्रिया में स्थानीय सांसद होने के बावजूद मुझसे कोई सलाह या चर्चा नहीं की जा रही है। जिन व्यक्तियों ने कभी पार्टी संगठन के लिए

Delhi Res.: Tower No. B-1, Flat No. B-2, DDU Marg, New Delhi - 110 002; Phone 011-23230348
Bihar Res.: Vill. Gol Sarak, Kulkuliya, PO: Ghogha Bazar, PS: Kahalgaon, Bhagalpur-813 205
(M) 09470437258, 07631836540
Bihar Office: Shastri Bhawan, H.No. 6, Bank Colony, Tilkamanjhi, Bhagalpur-812 001
Ph. No.: 0641-2610022, 6287100307; E-mail: ajaymandal.bgp.jdu@gmail.com, ajaykumar.mandal@sansad.nic.in

Scanned with OKEN Scanner

**अजय कुमार मंडल**
संसद सदस्य
भागलपुर (बिहार)
**AJAY KUMAR MANDAL**
Member of Parliament
Bhagalpur (Lok Sabha)

सत्यमेव जयते

Member:
- Standing Committee on Transport, Tourism & Culture
- Consultative Committee - Ministry of Road Transport and Highways

पत्रांक ...X...X..X.  दिनांक 14-10-2025



कार्य नहीं किया, उन्हें टिकट देने की बात सामने आ रही है, जबकि जिला अध्यक्ष एवं स्थानीय नेतृत्व की राय को पूरी तरह अनदेखा किया जा रहा है।

महोदय, जब मैं 2019 में सांसद बना था उस समय पूरे बिहार में विधानसभा उपचुनाव जनता दल (यू0) जितने भी सीटों पर लड़ा था तब पूरे बिहार में केवल मेरा ही सीट मेरे नेतृत्व में विधानसभा उपचुनाव जीत सुनिश्चित हुआ था। यह जनता दल (यू0) के प्रति मेरी निष्ठा और जनता के विश्वास का प्रतीक है।

आज जब पार्टी के कुछ लोग मेरे ही लोकसभा क्षेत्र में टिकट बाँटने का काम कर रहे हैं और संगठन की अनदेखी कर रहे हैं, तब यह स्थिति अत्यंत दुखद है।

मुझे आपसे मिलने तक नहीं दिया जा रहा है, न ही मेरी राय को सुना जा रहा है। ऐसे में मेरे लिए यह समझना कठिन हो रहा है कि जब संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेतृत्व की राय का कोई महत्व नहीं रह गया है, तो मैं अपने आत्मसम्मान और पार्टी के भविष्य की चिंता करते हुए सांसद पद पर बने रहने का क्या औचित्य है।

मेरा उद्देश्य किसी प्रकार की नाराजगी या विरोध नहीं है, बल्कि पार्टी और आपके नेतृत्व को भविष्य में किसी हानि से बचाना है। अगर इसी तरह बाहरी या निष्क्रिय लोगों को प्राथमिकता दी जाती रही तो पार्टी की जड़ें कमजोर होंगी और इसका सीधा असर माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व पर पड़ेगा, जो हम सभी के लिए चिंता का विषय है।

इसलिए, आत्मसम्मान और संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा के साथ मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूँ कि मुझे अपने सांसद पद से त्यागपत्र देने की अनुमति प्रदान करें।

**सादर,**

**भवदीय**

अजय कुमार मंडल

**(अजय कुमार मंडल)**

Delhi Res.: Tower No. B-1, Flat No. B-2, DDU Marg, New Delhi - 110 002; Phone 011-23230348
Bihar Res.: Vill. Gol Sarak, Kulkuliya, PO: Ghogha Bazar, PS: Kahalgaon, Bhagalpur-813 205
(M) 09470437258, 07631836540
Bihar Office: Shastri Bhawan, H.No. 6, Bank Colony, Tilkamanjhi, Bhagalpur-812 001
Ph. No.: 0641-2610022, 6287100307; E-mail: ajaymandal.bgp.jdu@gmail.com, ajaykumar.mandal@sansad.nic.in

Scanned with OKEN Scanner